हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा


04 पहले दिया फसल बीमा क्लेम ऊंट के मुंह में जीरे...



07 जनपद प्रशासन, जनप्रतिनिधियों ने लिया...



## खबर संक्षेप



### मुख्य मार्गों पर गौवंश का डेरा, हो चुकी कई दुर्घटनाएं

**नलखेड़ा।** नगर के मुख्य मार्गों पर गौवंश का डेरा लगा हुआ है। जिसके चलते कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। कल से शारदीय नवरात्रि महापर्व प्रारंभ हो रहा है बावजूद जिम्मेदार सड़कों से गौवंश को हटाने को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। विगत कई माह से नगर के मुख्य मार्गों व सड़कों पर गौवंश का डेरा लगा हुआ है। जिसके कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। कई दोपहिया वाहन चालक घायल हो चुके हैं तो चौपहिया वाहनों की टक्कर से कई गोवंश घायल हो चुकी है तो कुछ की मौत भी हो चुकी है। गत दिनों इसी प्रकार की दुर्घटना के बाद गौवंश की मौत उपरांत गौभक्तो द्वारा किए गए चक्काजाम के अगले दिन नगर पंचायत द्वारा कुछ गौवंश को गौशाला ले जाया गया था लेकिन उसके बावजूद सड़कों पर इनकी संख्या कम नहीं हुई है। सड़क एवं मुख्य चौराहों पर गौवंश के खड़े रहने व बैठे रहने से यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सोमवार से शारदीय नवरात्रि महापर्व प्रारम्भ हो रहा है। इस दौरान नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन सैकड़ो चौपहिया वाहनों के आवागमन बढ़ जाएगा ऐसी स्थिति में सड़कों पर गौवंश के कारण आये दिन दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी।

### शिविर में 9274 लोगों को दी स्वास्थ्य सेवाएं

**सीहोर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने व मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य शिविरों में 7060 महिलाओं और किशोरियों व 2214 पुरूषों की जांच की गई और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### बिजली कनेक्शन लेने सरल संयोजन पोर्टल से करें ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये सरल और सुविधाजनक तरीके से त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की बागड़ और बाउंड्री पहुंची सड़क तक, जिम्मेदार अधिकारी की अनदेखी से बढ़ी परेशानी

# अतिक्रमण से सिकुड़ गईं सड़कें: रास्ते पर दोनों ओर बढ़ते जा रहे कब्जे बने हादसों का सबब

पिछले दिनों उक्त सड़क पर दो बाईकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र में गांवों को जोड़ने वाली सड़कें इस समय अतिक्रमण की चपेट में है। सड़कों के दोनों ओर लगातार बढ़ता अतिक्रमण लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। साथ ही वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे है। सबसे खराब हालत स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर सड़क की है । इसके दोनों ओर लगी कृषि भूमि पर बिना सीमांकन करें बॉउंड्रीवॉल को उठाकर लगभग सड़क के किनारे तक पहुंचा दिया गया है। अतिक्रमण के कारण सड़क की चोड़ाई बेहद कम हो गई। इससे वाहन चालकों को क्रासिंग के दौरान खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है , वहीं इससे हादसे भी हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। तमाम विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क किनारे का अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों उक्त सड़क पर दो बाईकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके है ।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्षेत्र में बनी कई सड़कें वर्तमान समय में अतिक्रमण की चपेट में है। हालात यह है कि सड़कों के दोनों ओर लगे खेतों की बाउंड्री सड़कों की पटरी तक पहुंच गई है , तो वहीं कई लोग अपनी मवेशियों को खेत की मेड़ अथवा रोड़ की पटरी पर ही बांध रहे है। इसके चलते जहां लोगों को आवागमन में खासी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है, वहीं वाहनों की आवाज से मवेशियों के बिदकने से हादसे का डर बना रहता है।




**गली में तब्दील हुई ब्रिजीशनगर सड़क :** स्टेट हाइवे से ब्रिजीशनगर गांव को जोड़ने वाली करीब तीन किमी लंबाई की सड़क की हालत सबसे खराब है। सड़क से लगें खेतों की बाउंड्री लोगों ने पटरियों तक डालकर उस पर अतिक्रमण कर लिया है। स्थित यह है कि अतिक्रमण के कारण उक्त सड़क की चोड़ाई वाहनों की आवाजाही के मान से बेहद कम हो गई है। मसलन सड़क महज गली में तब्दील होकर गई है। इसके अलावा रोड़ में जगह - जगह गड्ढे होने के साथ ही इसमें कई जगह कंधे मोड़ है। ऐसे में यहां अक्सर हादसे हो रहे हैं।

**सड़कों पर बढ़ता जा रहा है यातायात :** बीते कुछ सालों से इन सड़कों पर यातायात का दवाब लगातार बढ़ता जा रहा है। यातायात बढ़ने के साथ ही वाहनों की रेलमपेल लगातार बनी रहती है। कुल मिलाकर सड़क की चोड़ाई वाहनों के लिहाज से बेहद कम पड़ने लगी है। सड़कों की मॉनीटरिंग नहीं होने से लोगों द्वारा अपने खेतों की बाउंड्री को लगातार बढ़ाया जा रहा है। कई जगह तो लोगों ने बिल्कुल सड़क से सटाकर ही अपनी बाउंड्री कर ली है।

#### झाड़ियों से पटा रोड

खेतों की बाउंड्री रोड़ की पटरी पर होने से रोड़ के दोनों ओर लेम्टाना , बबूल , सूबबूल आदि पेड़, पौधों की गहरी व कई फीट लंबी झाड़ियां हो रही है। ऐसे में मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते है , जिससे अक्सर हादसे हो रहे है। यात्री वाहन चालक महेश राठौर का कहना है कि सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण एवं झाड़ियों के कारण वाहनों के क्रासिंग में काफी परेशानी होती है साथ ही हादसे का डर भी बना रहता है। राहगीरों ने बताया कि सड़क की पटरी पर ही अतिक्रमण होने से वाहनों की क्रासिंग में काफी परेशानी होती है। बड़े वाहन तो निकल ही नहीं पाते है। ब्रिजीशनगर के ज्ञान सिंह राठौर, सतीश राठौर , राजेश मेवाड़ा आदि का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क पर लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है। सड़क पर आवागमन आसान और सुगम बनाने के लिए प्रशासन को पटरी भरने व उसकी साफ़ सफाई करानी चाहिए । इसी प्रकार की स्थिति कुशलपुरा - नीलबड़, दीवड़िया - रामदासी , हिम्मतपुरा - आर्या, आर्या - दौलतपुर आदि सड़कों की भी है।



**इछावर।** बोरदी जोड़ से ब्रिजीशनगर प्रधानमंत्री सड़क के दोनों तरफ की पटरियों पर इस तरह अतिक्रमण कर रखा है।

#### अतिक्रमण हटाया जाएगा

जिन सड़कों की पटरी पर झाड़ियां है उनकी सफाई एवं पटरी भरने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र भेजा जा रहा। इसके साथ ही जहां अतिक्रमण है उसको चिन्हित कर हटाया जाएगा।

**स्वाति मिश्रा,** एसडीएम इछावर

# दानदाताओं के माध्यम से आकर्षक बन रहा मां बगलामुखी का दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी का दरबार माता के भक्तों द्वारा सजाकर आकर्षक बनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में कपड़े का डोम, कुंड में फव्वारों के साथ ही विद्युत के प्रकाश के लिए अतिरिक्त लाइटें लगाने का कार्य दानदाताओं के माध्यम से कराया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि पर्व के पूर्व सिद्धपीठ मां बगलामुखी के दरबार को दानदाताओं के माध्यम से आकर्षक बनाया जा रहा है। यह कार्य मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला पंडा की प्रेरणा से नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व माता रानी के अनन्य भक्त सोहम मित्तल व अन्य दानदाताओं के सहयोग से किया जा रहा है।

मां बगलामुखी मंदिर परिसर में जहाँ पूर्व में दर्शनार्थियों को धूप व वर्षा से बचाव के लिए फटी पुरानी मटमैली मैटी बांध रखी थी वहाँ अब मोटे कपड़े का एक आकर्षक डोम लगाया जा रहा है जिससे एक ओर जहां दर्शनार्थियों का धूप व वर्षा से बचाव होगा। वहीं परिसर की आकर्षकता कई गुना बढ़ जाएगी। यह डोम माता मंदिर के मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे के साथ ही मंदिर के प्रवेश व निर्गम मार्ग एवं राधाकृष्ण मंदिर के सामने लगाया जा रहा है। मंदिर परिसर में वर्षो पूर्व दीपमालिका के समीप एक जलकुंड बनाया गया था, जहां उस समय कुछ वर्षो तक फ़व्वारे लगाए गए थे लेकिन विगत कई वर्षों से यह मात्र जल कुंड ही बनकर रह गया था। दानदाताओं के माध्यम से इसमें रंग बिरंगी लाइट के साथ आकर्षक फव्वारे लगवाए गए हैं जोकि दर्शनार्थियों को आकर्षित करने के साथ ही सुकून भी प्रदान करेंगे।

वर्षो से मंदिर के शिखर व परिसर में प्रकाश की उचित व्यवस्था का अभाव देखने में आ रहा था उसे दूर करने शिखर सहित मंदिर परिसर में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त लाइटें लगाई जा रही है। गर्भगृह के बाहर स्थित सोलह खंबे वाले परिसर के सोलह खंबो पर लाइट लगाकर उन्हें प्रकाशवान किया जा रहा है। इसी प्रकार दीपमालिका पर भी पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। शारदीय नवरात्रि के पूर्व एक दानदाता द्वारा मुख्य मंदिर सहित परिसर में स्थित अन्य मंदिरों व सिंहद्वार व अन्य आवश्यक स्थानों पर रंग रोगन करवाया गया है। शारदीय नवरात्रि महापर्व के दौरान सिद्धपीठ पर आने वाले भक्तों को इस बार मंदिर परिसर व मंदिर की छटा अलग ही दिखाई देगी जोकि भक्तों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करेगी।






# सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला में संचालित हो रहीं गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




ग्राम धरोला में स्थित पीएम श्री शासकीय विद्यालय में 17 सितंबर से प्रतिदिन शासन के आदेश अनुसार मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ विद्यार्थियों के बीच विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थी उत्साह एवं उमंग से भाग ले रहे हैं।

इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में विकसित भारत- सशक्त भारत, स्वच्छता, सेवा, जन भागीदारी, जनकल्याणकारी और सामुदायिक उत्तरदायित्व, सबका साथ - सबका विकास - सबका विश्वास तथा सबका प्रयास और वोकल फॉर लोकल की भावनाओं को प्रोत्साहित करना है। इस पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में 17 सितंबर को विद्यार्थियों में लेखन कौशल विकसित करने के लिए विकसित भारत सशक्त भारत थीम पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान दिव्या मेघवाल ने, द्वितीय स्थान लखन भिलाला एवं तृतीय स्थान बृजेश बंजारिया ने प्राप्त किया। निबंध लेखन जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान गौरी वैष्णव, द्वितीय स्थान शोभा शर्मा एवं तृतीय स्थान अर्चना प्रजापति ने प्राप्त किया। 18 को विद्यार्थियों में वक्तत्व कौशल विकसित करने के दृष्टिकोण से आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आशुभाषण प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान दीपिका ने, द्वितीय स्थान निशा गोस्वामी ने, तृतीय स्थान पूनम गोस्वामी ने प्राप्त किया। आशु भाषण प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान शिवानी मालवीय, द्वितीय स्थान नीरज प्रजापति एवं तृतीय स्थान पायल प्रजापति ने प्राप्त किया। 19 सितंबर को पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पूनम गोस्वामी, द्वितीय स्थान शिवानी तथा तृतीय स्थान किरण गुर्जर ने प्राप्त किया।

वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान खुशी लववंशी, द्वितीय स्थान मीना बालोदिया एवं तृतीय स्थान रितेश बामनिया ने प्राप्त किया। 20 सितंबर को सम्पन्न हुई चित्रकला प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान यशिका मेघवाल, द्वितीय स्थान बलराम मेघवाल एवं तृतीय स्थान कोमल लववंशी ने प्राप्त किया। चित्रकला सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी मालवीय, द्वितीय स्थान नेहा लववंशी एवं तृतीय स्थान रविना भिलाला ने प्राप्त किया।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन का समाजजन ले रहे लाभ

# ‘जैसी भावना होती है वैसा ही भव का बंध होता है’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन धर्म में भावना का महत्व होता है। किसी धार्मिक व्यक्ति द्वारा की गई धार्मिक क्रियाओं का उपहास या मजाक नहीं करना चाहिए। इससे पाप का बंध होता है। अपात्र को दिया गया दान मिथ्यातत्व का कारण है। वर्तमान समय में गाय की विचित्र दशा हो गई है, हमें दान के रूप में उसके चारा, पानी की व्यवस्था करना चाहिए।

दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज सा. द्वारा अपने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि जीव अकेले ही अपने पुण्य के फल को भोगता है। हर व्यक्ति अनुकूलता को चाहता पर अनुकूलता पुण्य कर्म से ही प्राप्त होती है। पुण्य फल के भोगों का समय कब समाप्त हो जाता है पता ही नहीं चलता। सुख के दिन जल्दी व्यतीत हो जाते हैं। मुनिश्री ने कहाकि आचार्य भगवंत कहते हैं कि सम्यकत्व को धारण करो। स्वर्ग लोक के देव भी तिर्यच गति में जा सकते हैं। मिथ्यात्व की दशा में किया गया पुण्य भी पाप का कारण है। उन्होंने कहाकि भाव सहित रत्नत्रय को प्राप्त किया है तो एक दिन हम रत्नत्रय को धारण कर लेंगे। रत्नत्रय का मतलब सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र होता है। सच्चे देव, सच्चे गुरु व सच्चे शास्त्र पर श्रद्धा करने वाला सम्यक दृष्टि जीव होता है। सम्यक दृष्टि चतुर्थ गुणस्थान को प्राप्त करता है।

मुनिश्री ने कहाकि पात्र तीन प्रकार के होते हैं, उत्तम पात्र, मध्य पात्र, जघन्यपात्र इन तीनों को दान देना चाहिए। अपात्र को दान नहीं देना चाहिए। प्रतिदिन किसी न किसी रूप में दान अवश्य देना चाहिए। अनुकूलता होने पर प्रतिदिन मुनिराज को आहार दान देना चाहिए। भावना भव नाशिनी होती है, जैसी भावना होती है वैसा ही भव का बंध होता है। जैन धर्म में भावना का महत्व होता है। किसी धार्मिक व्यक्ति द्वारा की गई धार्मिक क्रियाओं का उपहास या मजाक नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में पाप का बंध होगा। मुनिश्री ने कहाकि सुपात्र को दान देना, पुण्य का हेतू है। कई भक्तजन आते हैं उनको भी भोजन कराना पुण्य का बंध होता है। जिनकी धार्मिक भावना होती है उनका कल्याण हो जाता है। उनकी सु समाधि भी होती है।वहीं अपात्र को दिया गया दान मिथ्यात्व का कारण है। मुनिश्री ने कहाकि हमें गाय आदि का ध्यान रखना चाहिए। आज गाय की विचित्र दशा हो गई है, गाय को खाने-पीने को नहीं मिल रहा है। भूखी प्यासी ही घूमती रहती है। उसकी व्यवस्था की जानी चाहिए। किसी भिखारी की भी यदि दीन-हीन स्थिति है तो उसको भी यथाशक्ति दान देना चाहिए। यहां करुणा दान हो सकता है।




# अधिवेशन में नलखेड़ा शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा अवार्ड से किया गया सम्मानित



**नलखेड़ा।** आचार्य नवरत्न सागर सुरिश्वर महाराजा द्वारा स्थापित नवरत्न परिवार को सुचारू रूप से आगे चलाने वाले उनके शिष्य आचार्य विश्वरत्न सागर म.सा के मालवा के स्वछ नगर इंदौर शहर में चल रहे आत्मक्रांति चातुर्मास 2025 इंदौर शहर में नवरत्न परिवार के युवाओं का महाअधिवेशन का शुभारंभ नलखेड़ा शाखा द्वारा ध्वज वंदन करके हुआ। आयोजन में नलखेड़ा शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण फुलेरा,राष्ट्रीय सलाकार बोर्ड अध्यक्ष राजेश जैन, मध्यप्रदेश अध्यक्ष सुनील झलोका एव इंदौर चातुर्मास के सूत्र धार प्रितेश ओस्तवाल आदि वरिष्ठ जन थे। इस अधिवेश में मालवा, राजेस्थान और वागड़ से हजारों की संख्या में युवा इंदौर पहुंचे जिसमे नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा से भी 26 लोग इस अधिवेशन में शामिल हुए।



**खबर संक्षेप**

## स्व. शिक्षक मालवीय को दी गई श्रद्धांजलि



**चापडा।** समीपस्थ शासकीय प्राथमिक स्कूल अमरपुरा में गुरुवार को सामुहिक रूप से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर स्व. शिक्षक मांगीलाल मालवीय को याद करते हुए पंचायत व स्कूल स्टाफ व्दारा श्रध्दांजलि अर्पित की गई। इस दौरान स्व. शिक्षक मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई। इस दौरान सरपंच इजेन्द्र, इंद्रसिंह सेंधव,पुर्व सरपंच जीवन सिंह चंदेल, अंतरसिंह सेंधव, सिद्धनाथ सिसोदिया, हुकमसिंह सेंधव,शिक्षिका नर्मदा पचौरिया, किशोर यादव, शांतिलाल, शिक्षक शोमेस कलमकार , श्रवण चौहान,रामचंद्र मालवीय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नवरात्र के दौरान बंद रहेंगे नॉनवेज होटल


**देवास।** नगर निगम देवास द्वारा नगर की धार्मिक पवित्रता एवं जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, परंपरा अनुसार आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान मांसाहारी प्रतिष्ठानों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस से लेकर नवमी तक, नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित सभी चिकन, मटन, मांस, मछली, अंडा विक्रय प्रतिष्ठान एवं नॉनवेज होटल पूर्णतः बंद रहेंगे।नगर निगम द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 366 एवं 427 तथा धारा 254 उप धारा (1) के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना, लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण सम्मिलित होगा।

### भारतीय किसान संघ ने विधायक पंवार, विधायक चौधरी को दिया ज्ञापन

# पहले दिया फसल बीमा क्लेम ऊंट के मुंह में जीरे के समानः भारतीय किसान संघ

### रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट के नाम पर हो रहा सर्वे किसानों के साथ सरासर अन्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय किसान संघ जिला देवास ने देवास विधायक गायत्री राजे पंवार एवं हाटपिपल्या विधायक मनोज चौधरी को शनिवार को ज्ञापन सौंपा तथा सोयाबीन फसल की राहत राशि दिलाई जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि पिछले वर्ष फसल खराब होने के कारण किसानों की पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री एवं म.प्र.शासन को पत्र लिखा था।

उस समय किसानों को आस बंधी की उन्हें फसल नुकसानी की राहत राशि के साथ साथ फसल बीमा क्लेम भी अच्छा मिलेगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में आपके प्रयास से जिले में सोयाबीन मक्का व अन्य फसल का सर्वे हुआ और फसल कटाई प्रयोग कर अनावरी रिपोर्ट बनी जिसमे पुरे जिले में 95 प्रतिशत पटवारी हल्को में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक नुकसान होना पाया था, जिसके प्रमाणित आंकड़े जिला प्रशासन के पास मौजूद हैं। परंतु किसानों को राहत के नाम पर आज तक एक रुपया भी नही दिया गया और इसके विपरित सहकारी समितियों से लिए गए खाद बीज के ऋण को जब किसान फसल नुकसानी होने के कारण समय पर नही चुका पाया तो उसे डिफाल्टर कर जीरो प्रतिशत ब्याज की जगह उससे दंड सहित ब्याज वसूला गया। अब जब कुछ दिन पहले तीन सीजन का फसल बीमा क्लेम केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राजस्थान के झुंझुनू से वन क्लिक से दिया गया तो वह भी ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हुआ है ओर कई हल्के में नो क्लेम आया है। इतनी बड़ी नुकसानी के बाद भी न तो जिला प्रशासन द्वारा आरबीसी 6(4) के तहत राहत राशि दी और न ही बीमा कंपनी द्वारा क्लेम ठीक से दिया, जबकि फसल कटाई प्रयोग के प्रमाणित आंकड़ों के आधार पर जिले के लगभग 95 प्रतिशत पटवारी हल्को में बीमा राशि करीब दस से चालीस हजार रुपए प्रति हेक्टेयर तक मिलना चाहिए थी। किसानों को दो खरीफ और एक रबी सीजन की क्लेम, राज्यांश और केंद्रांश को तो छोड़िए किसानो द्वार दी गई बीमा प्रीमियम के बराबर भी नहीं मिली है। भारतीय किसान संघ द्वारा जब जिले के अधिकारियों से इस विषय पर जानकारी मांगी गई तो राहत राशि पर तो उन्होंने गोलमाल जवाब दिया और फसल बीमा क्लेम के बारे में कहा गया की यह हमारे हाथ में नही है यह प्रदेश स्तर का मामला है, सैटेलाइट सर्वे से दिया गया है इसकी समझ हमे भी नही है और अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनाकर लागू की थी और इसका खुब प्रचार किया भी गया था और आज भी हो रहा लेकिन हमारे प्रदेश में बीमा नीति के नियम विरुद्ध किसान हित के बजाय रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट के नाम पर बीमा कंपनी का हित साधा जा रहा है, जो किसानों के साथ सरासर अन्याय है इसी कारण जिले सहित पूरे प्रदेश के किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है । किसान संघ ने मांग की है कि आप केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सीएम डॉ. मोहन यादव को वस्तुस्थिति से अवगत कराकर किसान हित में पीएम फसल बीमा योजना से सेटेलाइट पद्धति को हटवाकर फसल कटाई प्रयोग के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर बीमा राशि वितरण करवाने का प्रयास करे। सोयाबीन में कीट प्रकोप के कारण फसल चौपट का भी सही सर्वे के निर्देश जिला प्रशासन को दे। किसानों को राहत राशि वितरण करें।

### यह भी की गई मांग

सोयाबीन मक्का के मंडियों में गिरते हुए भाव को देखते हुए एमएसपी पर खरीदी के लिए पंजीयन चालू करवाकर उस पर शीघ्र तुलाई चालू करवाई जाए। रबी सीजन की मांग को देखते हुए रासायनिक खाद इफको एनपीके 12: 32:16, डीएपी और यूरिया की भी जिले में आपूर्ति करवाए । फसल को नुकसान पहुंचाने वाले वन्य प्राणि जंगली सुवर के मारने और हिरण रोजडे ,बंदर की नसबंदी के आदेश करवाए। इस अवसर पर संभाग सहमंत्री बहादुरसिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष हुकुमचंद पटेल, जिला मंत्री शेखर, पटेल, आंनद मेहता, गोरधनसिंह पंवार, ईश्वरलाल पटेल , ओम मंडलोई,नरेंद्रसिंह डाबी,सदानंदसिंह चावड़ा केदार चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# कन्नौद पुलिस ने ज्वेलर्स शॉप, शिवधाम कॉलोनी में हुई चोरियों का किया खुलासा

**पुलिस की गस्त से मिली सफलता**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना कन्नौद पुलिस ने शनिवार को ज्वेलर्स की शॉप एवं शिवधाम कॉलोनी में हुई चोरियों का खुलासा किया। उक्त चोरी को पकड़ने के लिए कन्नौद थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काज़ी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत चोरी के घटनास्थलों का निरीक्षण कर आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

इसमें संदिग्ध गिरोह की गतिविधियां चिन्हित हुईं जिन पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। पुलिस को गुरुवार को सूचना प्राप्त हुई कि कन्नौद के ऋद्धि-सिद्धि कॉलोनी क्षेत्र में उक्त गिरोह सक्रिय है। फरियादी के पहुँचने पर आरोपी हमला कर जंगल की ओर भागे। पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने स्थानीय नागरिकों की मदद से घेराबंदी की। इसी दौरान गैंग का मुखिया करंट लगने से मृत पाया गया जबकि एक आरोपी घायलावस्था में मिला जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस द्वारा तकनीकी और मुखबिर सूचना पर आरोपी राजू उर्फ दिनेश पिता बनसिंह निवासी उदियापुरा (आगर) को इंदौर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों शंकर पिता मगरसिंह निवासी उदयपुरा, आगर, मोरसिंह पिता दीपला निवासी भमौरी,सुबरनसिंह उर्फ सुरपिया पिता रकसिंह निवासी देवधा जिला धार के साथ मिलकर कन्नौद के कावेरी ज्वेलर्स,शिवधाम कॉलोनी, मधुरम स्वीट्स, ऋद्धि-सिद्धि कॉलोनी में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया हैं।

आरोपी ने खातेगांव,खंडवा जिले के मुदी, हाटपिपल्या, पानीगांव, होशंगाबाद ,महाराष्ट्र, कर्नाटक व तेलंगाना में भी चोरी की घटनाओं को स्वीकारा। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेजा गया। गैंग के शेष आरोपी सुबरनसिंह उर्फ सुरपिया एवं मोरसिंह की तलाश जारी है।कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि पुलिस की सघन गश्त, परम्परागत पुलिसिंग और तकनीकी साक्ष्यों के उपयोग से यह सफलता हासिल की।

# हिमांशु ने बनाई अपने हाथों से मां दुर्गा की प्रतिमा





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

माता की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्र कल से शुरू होने जा रहा हैं। पंडित मनोज जोशी ने बताया कि तिथियो के विशेष सहयोग से यह नवरात्र इस बार 10 दिनों तक मनाई जाएगी। 9 वर्षों बाद भक्तों को मां दुर्गा की 10 दिन तक प्रार्थना का अवसर मिलेगा। नगर के मंदिरों में नवरात्र की तैयारी चल रही है। मंदिरों में विशेष सजावट दीप प्रज्वलन और श्रृंगार की व्यवस्था की जा रही है तो वहीं श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना करेंगे। दसवें दिन विशेष अनुष्ठान और कन्या पूजन का आयोजन होगा। समितियां और मंदिर प्रबंधन पंडाल, झांकियां और मां दुर्गा की प्रतिमाओ की स्थापना की तैयारी कर रहे हैं तो वहीं नगर के युवा हिमांशु पिता धर्मेंद्र टांडी पिछले 10 से 15 दिनों से अपने ही घर पर मां दुर्गा की लगभग 7 फीट की एक मूर्ति का निर्माण कर रहे हैं। हिमांशु ने बताया कि कागज, मिट्टी, चारा, चाक पाउडर से मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। टांडी कहते हैं कि मुझे बचपन से ही मूर्तियां बनाने का बहुत शौक है, मैं बचपन से अपने घर के लिए भगवान गणेश की प्रतिमा भी बनाता आ रहा हूं। वही इस बार मुझे हमारे दुर्गा पंडाल के लिए मूर्ति बनाने का ख्याल आया और मैंने खुद मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। अब हिमांशु की पूरे नगर में लोग प्रशंसा कर रहे हैं, क्योंकि इस इंटरनेट के युग में जहां एक ओर युवा अपने हाथों में मोबाइल लेकर दिनभर मोबाइल पर गेम व पिक्चर देखा करते हैं तो वही दूसरी ओर हिमांशु द्वारा किया गया यह कार्य पूरे नगर में सराहा जा रहा है।

# बालिकाएं आज विदा करेगी संजा माता को, समय के साथ बदलता जा रहा पुरानी परंपरा का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



मालवा अंचल की ग्रामीण संस्कृति और लोक जीवन से जुड़ा 16 दिवसीय संजा पर्व इस बार भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूर्णिमा से लेकर पितृ मोक्ष अमावस्या तक चलने वाले इस पर्व का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टि से है बल्कि यह किशोरियों का जीवन मूल्य और पारिवारिक संस्कार सीखने का माध्यम भी माना जाता है। बदलते समय में जहां कभी मिट्टी और गोबर से संजा की आकृतियां बनाई जाती थी, वहीं अब पक्की दीवारों पर कागज और फ्लेक्स से बने पोस्टर लगाकर पूजन करने का चलन बढ़ा है।

लोक मान्यताओं के अनुसार संजा बाई देवी पार्वती का ही रूप है जो पितृपक्ष के दिनों में अपने मायके आती है इन 16 दिनों तक अविवाहित बालिकाएं शाम ढलते ही घर या मोहल्ले के किसी खुले स्थान पर एकत्रित होती है व गोबर से दीवारो पर आकृतियां बनाकर उन्हें फूलों और रंग बिरंगी चमक दमक से सजाती है। इसके बाद सामूहिक रूप से लोकगीत गाए जाते हैं और संजा माता की आरती कर प्रसाद बाटा जाता है। गीतों में संजा बाई के मायके आने उनकी विदाई और स्त्री जीवन से जुड़े अनेक संदर्भ सुनने को मिलते हैं।

### मैराथन में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन सहित नागरिक हुए शामिल

# सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से प्रदेश में शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' के तहत जिला प्रशासन, नगर निगम, शिक्षा विभाग व खेल और युवा कल्याण विभाग के समन्वय से नमो मैराथन सयाजी द्वार देवास से किया गया। मैराथन में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, सामाजिक संगठन, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएँ एवं शहर के नागरिकगण शामिल हुए। मैराथन को देवास विधायक गायत्री राजे पवार ,कलेक्टर ऋतुराज सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन शहर के मार्गो से होती हुई सयाजी द्वार पर ही समाप्त हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका निगम देवास द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें देवास विधायक पवार, कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा उपस्थिजनों ने स्वच्छता श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर दलीप सिंह द्वारा सभी को स्वच्छता संकल्प की शपथ दिलाई गई।

आयोजित हुई मैराथन में बालक वर्ग में प्रथम पाँच व बालिका वर्ग में प्रथम पाँच को 1100 रुपये और ट्राफी पुरूस्कार स्वरूप प्रदाय किए गए। जिसमे बालक वर्ग में प्रथम। राजू यादव, द्वितीय उजवल पटेल,तृतीय शुभम नायक,चतुर्थ अरूण व पांचवे स्थान पर देवेन्द्र गवाटीया रहे एवं बालिका वर्ग में प्रथम तनू गवाटिया, द्वितीय पिकू यादव,तृतीय भावना कोठिया, चतुर्थ खूशबू, पांचवे स्थान हिमानी लोदी रही।

इस अवसर अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, विजय सिंह पवार, मनीष सोलंकी, जुगनु गोस्वामी, भारत चौधरी, सुदेश सांगते, जावेद पठान, दशरथ धाकड़, महेश पटीदार, सुरेश सिलोदिया, शुभम चौहान, नवीन सोलंकी, देवेन्द्र नवगौत्री, संतोष पंचोली, जितेन्द्र गोस्वामी, धर्मेन्द्र, राजेश बराना आदि उपस3थित थे।

# एक्टिवा स्कूटी की डिक्की से 1 लाख 6 हजार रु की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत मृदुल विहार कॉलोनी के पास स्थित एक कैफे के बाहर खड़ी एक्टिवा की डिक्की से शनिवार शाम 1,06,000 रूपए नकदी चोरी होने की घटना सामने आई है। पीड़ित युवक गौरव मंडल ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा से चेक से यह राशि निकालकर अपने कामकाज के लिए घर लौट रहा था तभी पानी आने के कारण मृदुल बिहार के पास बने कैफे पर रुका। जब वह वापस आया तो एक्टिवा की डिक्की में रखे पैसे गायब थे और अज्ञात व्यक्ति/व्यक्ति पैसे लेकर फरार हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवक ने तत्काल औद्योगिक थाना को घटना की सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का सर्वे कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस ने कहा कि पास के दुकानों व आसपास लगे कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। पीड़ित युवक ने बताया, वह बिरयानी की दुकान चलाता है। वह उसके कामकाज के पैसे थे गाड़ी लेने के लिए पैसे निकाल कर लाया था। युवक ने बताया कि घटना के समय वह कैफे के अंदर थोड़ी देर रुका हुआ था और बाहर एक्टिवा वहीं खड़ी थी। पुलिस ने कहा कि आसपास पूछताछ शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम प्रभातफेरी के समय विद्युत कटौती से भक्त परेशान

**ललितपुर।** नगर में प्रतिदिन सुबह-सुबह निकलने वाली श्रीराम प्रभातफेरी के समय विद्युत कटौती लगातार जारी है। इस विद्युत कटौती के चलते लोगों को श्रीराम प्रभात फेरी निकालने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन किये जाने की मांग को लेकर श्रीहनुमान मंदिर तालबेहट की श्रीराम प्रभातफेरी समिति ने ज्ञापन 66 के.वी. तालबेहट के उपखण्ड अधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि विगत कई वर्षों से तालबेहट में श्रीराम प्रभातफेरी समिति द्वारा श्रीराम प्रभातफेरी सुबह 4.30 से 6 बजे तक नगर भर में निकाली जाती है। आरोप है कि प्रभातफेरी शुरू होने के कुछ ही समय पश्चात विद्युत कटौती कर दी जाती है, जिससे प्रभातफेरी में आने वालों को गली-मोहल्लों में अंधेरे में ही निकलना पड़ता है, उसी समय नगर के मुस्लिम समुदाय के लोग भी मस्जिदों के लिए निकलते हैं। सभी को विद्युत कटौती के चलते होने वाली परेशानियों के कारण किसी अनहोनी घटना की आशंका बनी रहती है। श्रीराम प्रभातफेरी में आने वाले भक्तजनों को विद्युत कटौती के कारण भारी असुविधाएं उत्पन्न हो रहीं हैं। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुये विद्युत कटौती का समय परिवर्तित किये जाने की मांग उठायी गयी है। ज्ञापन देते समय हुकुम प्रजापति, प्रवेश कुमार श्रीवास्तव, भारत भूषण चौरसिया, हिमांशु, मनोज नामदेव, राकेश पुरोहित, उत्तमप्रकाश, चीकू पाठक, संदेश चतुर्वेदी, सानू पाठक, रामकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### रिश्तेदारी में जा रहे लोगों से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत चौकी नेहरू नगर के मोहल्ला जुगपुरा निवासी भानू पुत्र रामसेवक अहिरवार ने थाना जाखलौन पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 सितम्बरकी रात करीब 8.30 बजे वह अपने रिश्तेदार थाना महरौनी के ग्राम कुरौरा निवासी गब्बर सिंह पुत्र सुखलाल अहिरवार के साथ अपनी रिश्तेदारी थाना जाखलौन के ग्राम दावनी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दावनी निवासी आशाराम पुत्र मन्जू अहिरवार, ममता पत्नी आशाराम व जुगपुरा में ही रहने वाले राधा पत्नी मलखान और धर्मेंद्र पुत्र बालचंद्र दावनी कलारी के पास आये और उसके साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव करने आये रिश्तेदार भज्जू पुत्र मन्जू, रामदेवी पत्नी भज्जू के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। हमले में पीड़ित व रामदेवी को गंभीर चोटें आयीं हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पत्नी मायके से गायब भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया की उसकी शादी 6 वर्ष पहले ग्राम दावनी निवासी युवती से हुयी थी। बताया कि 12 सितम्बर को उसकी पत्नी मायके में थी और उसकी मां का पुश्तैनी जेवर पहने हुये थी और अपने दो बच्चों को भी साथ लिये थी। बताया कि उक्त दिन ही अपराह्न करीब 2 बजे मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी के थाना खनियाधाना अंतर्गत ग्राम देखो निवासी छोटू पुत्र नृपतिया उसकी पत्नी को मायके से ही बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी करने पर पता चला कि छोटू उसकी पत्नी के साथ अपने गांव में है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 84 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रास्ता बंद करने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम नत्थीखेड़ा निवासी आजाद सिंह पुत्र रमेशप्रसाद यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके खेत पर जाने के लिए पूर्वजों के समय से रास्ता है, जिस पर पड़ौस के रामकुमार, जित्तू उर्फ नितिन पुत्रगण घनश्याम व मुकेश पुत्र दयाराम यादव आकर रास्ता बंद करने लगे। पीड़ित ने बीती 17 सितम्बर को सुबह 10 बजे रास्ता बंद करने से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

---

### मिशन शक्ति अभियान के 5वें चरण का शुभारंभ किया

# जनपद प्रशासन, जनप्रतिनिधियों ने लिया मिशन शक्ति के क्रियान्वयन का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शक्ति पर्व शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के 5वे चरण का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ से किया, कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद स्तर पर देखा गया, जिले में राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग श्रीमती अर्चना पटेल, जिलाधिकारी अमलदीन डुली, पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सामूहिक रुप से देखा और जनपद ललितपुर के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का संकल्प लिया। लोकभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 1663 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन किया, साथ ही मिशन शक्ति केन्द्रों से सम्बंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम सशक्त नारी-समृद्ध नारी, जननी से जनशक्ति की थीम पर आधारित था, जिसमें मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारी शक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता के बिना समाज का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं है। उन्होंने प्रदेश की प्रत्येक बेटी और महिला को सुरक्षित वातावरण देने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए शक्ति के पंच प्रवाह-सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, स्वास्थ्य, सशक्तीकरण के संकल्प का स्मरण कराया।

#### अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देश दिए

सजीव प्रसारण के उपरान्त जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में मिशन शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देश दिये कि यह अभियान जनपद में जनआन्दोलन के रुप में चलाया जाए, जिससे जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वालम्बन से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके। इसके लिए उन्होंने महिला थानों की सक्रियता और हेल्पलाइन नम्बर 1090, 112 एवं 181 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी नवरात्रि के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पिंक पेट्रोलिंग वाहन और एण्टी रोमियो स्क्वायड की सक्रियता बढ़ायी जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वह विद्यालयों, महाविद्यालयों जागरुकता शिविर आयोजत करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रशासन मिशन शक्ति को जन-जन तक पहुंचाने और इसे सफल बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगा। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाएंगे

पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने आश्वस्त किया कि जिले में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाये जायेंगे और हर शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने मिशन शक्ति को अपना सहयोग देते हुए जनसहयोग से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। सजीव प्रसारण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे

---

### जिलाधिकारी पहुंचे किसानों के बीच

# फसलों के हुए नुकसान का मुआवजे का भरोसा दिलाया



**ललितपुर।** लगातार हो रही अतिवृष्टि से जनपद के किसानों की उर्द व मूंगफली की फसलें प्रभावित हुई हैं, जिसके चलते शनिवार को दर्जनों किसान अपनी समस्याएं व ज्ञापन लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जानकारी मिलने पर जनशिकायतों व किसानों के प्रति संवदेनशील जिलाधिकारी अमनदीप डुली अपने चैम्बर से निकलकर सीधे किसानों के बीच पहुंच गए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना, जिसमें किसानों ने पिछले दिनों में अधिक वर्षा के कारण अपनी उर्द और मूंग की फसलों के हुए नुकसान के बारे में बताया और फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजे की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं जिला कृषि अधिकारी को बुलाकर प्रभावी क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराने व भारतीय कृषि बीमा कम्पनी से मुआवजा दिलाने के निर्देश दिये।

किसानों के बीच जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान होगा, अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा बीमा कम्पनी के माध्यम से प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाया जाएगा, किसी को भी उसके नुकसान की भरपायी के बिना नहीं छोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी के इस रुख से किसानों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ दिखायी देने लगी। किसानों ने कहा कि इस प्रकार से अपनी कुर्सी छोड़ सीधे किसानों के बीच पहुंचे जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली की कार्यशैली जिला प्रशासन के प्रति हमारे विश्वास और हौसले को बढ़ाती है। जिलाधिकारी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन हर कदम किसानों के साथ खड़ा है, प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे किसानों को किसी भी हाल में निराश नहीं होने दिया जाएगा।



---

### जिला गंगा समिति ने आयोजित किया कार्यक्रम

# स्वच्छता ही सेवा पर्व, रणछोड़ धाम घाट पर आयोजित हुआ विशेष सफाई अभियान

**ललितपुर।** 'स्वच्छता ही सेवा' पर्व के तहत ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले रणछोड़ धाम घाट पर एक विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। जिला गंगा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग और पंचायती राज विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लिया, जिससे अभियान की सफलता को एक बहु-विभागीय समर्थन मिला। सफाई अभियान का उद्देश्य बेतवा नदी के किनारे स्थित इस पवित्र घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करना तथा स्थानीय नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाना था। अधिकारियों, सफाई कर्मियों और उच्च प्राथमिक विद्यालय धौजरी के स्कूली बच्चों ने मिलकर घाट से कचरा एकत्र किया और इसे साफ-सुथरा बनाया। ग्राम प्रधान धौजरी धीरज सिंह यादव और स्कूली बच्चों ने घाट के किनारे पौधरोपण किया।

उप प्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र तोमर ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए आस-पास के हरित क्षेत्रों को साफ रखने और पौधारोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी। परियोजना अधिकारी



जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि रणछोड़ धाम घाट का धार्मिक महत्व है और इसे साफ रखना नदियों की स्वच्छता के प्रति हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। ब्रिजेश तिवारी, जिला कंसल्टेंट स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीणों को इस तरह के अभियानों से जोड़ने और गाँवों को स्वच्छ बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प दोहराया।

---

# डा. आंबेडकर पार्क निर्माण के लिए भूमि पूजन

### पार्क का निर्माण सामाजिक समरसता को समर्पित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखलौन (ललितपुर)



कस्बे में बहुप्रतीक्षित आंबेडकर पार्क निर्माण हेतु भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक समरसता के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया।

इस पार्क का निर्माण सामाजिक समरसता को समर्पित किया जा रहा है। अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न कराए। विधायक ने बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक समरसता और दलितों वंचितों को उनके अधिकार दिलाने के लिए समर्पित किया था। लंबे समय से भूमि आवंटन होने के बाद भी यहां बाबा साहब के पार्क का निर्माण नहीं हो पा रहा था। प्रदेश सरकार की भावनाओं के अनुरूप आज अंबेडकर पार्क निर्माण का बहु प्रतीक्षित भूमि पूजन का शुभ कार्य उनके द्वारा संपन्न किया जा रहा है। इस अवसर पर भीम आर्मी सहित बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने वाले कई संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने विधायक जी के प्रयासों की सराहना की। अन्य वक्ताओं ने कहा कि किसी व्यक्ति का जन्म किस जाति समाज में हो यह एक प्राकृतिक घटना है इस पर किसी का बस नहीं चलता है और इसमें कोई दोषी नहीं है इसलिए सभी को सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर चलकर समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में अनेकों लोग उपस्थित रहे।

---

# शिक्षक का समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण योगदान छात्र की तरक्की गुरु का अभिमान होता है: प्रो केशव देव

### केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन

**ललितपुर ।** केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में एक शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसके मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, ललितपुर के प्राचार्य प्रो० केशव देव रहे एवं केपीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने अध्यक्षता की।

कार्यक्रम का संयोजन वनस्पति विज्ञान प्रवक्ता छाया तिवारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, प्रो केशव देव, असि प्रो नजम उल रफी, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच एवं कृषि प्रवक्ता भानू प्रताप घोष ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज में शिक्षक का महत्तवपूर्ण स्थान होता है। अतः उसे अपनी प्रतिभाओं एवं क्षमताओं का सदउपयोग करते हुये अपने छात्रों एवं संस्थान को आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए। जिससे समाज और देश का उत्थान हो। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह होता है, जो स्वयं प्रज्वलित होकर दूसरों को ज्ञान रूपी प्रकाश देता है। उन्होंने आगे कहा कि एक शिक्षक को सबसे अधिक खुशी होती है जब उसका छात्र उससे ऊँचे पद पर पहुँच जाता है। अर्थात शिक्षक को उसके छात्र से हारने में खुशी प्राप्त होती है। प्रो केशव देव ने कहा कि शैक्षिक उन्नयन के पाँच स्तम्भ होते हैं। ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, निःस्वार्थ भाव, निष्पक्षता एवं जबाबदेही। यदि शिक्षक और शिक्षार्थी इन बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये पूरे समर्पण भाव से कार्य करे तो उनके व्यक्तित्व, समाज एवं देश का समग्र विकास सम्भव ही नहीं बल्कि सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं वनस्पति विज्ञान प्रवक्ता छाया तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। असिप्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी मौजूद रहे।

---

### अवैध शराब भंडारण का मामला सामने आया

# ठगारी कैथौरा में शराब की पेटियों सहित दो सैल्समैन को पकड़कर लोगों ने की पिटाई

पाली। थाना क्षेत्र के ग्राम ठगारी कैथौरा में अवैध शराब भंडारण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बीती रात शराब ठेकेदार के दो सैल्समैन बाइक से तीन पेटी शराब लेकर गांव पहुंचे थे।

ग्रामीणों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने दोनों सैल्समैन को शराब की पेटियों सहित रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों ने शराब की पेटियां बरामद कर बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया और आक्रोश में आकर दोनों सैल्समैन की पिटाई कर दी। घटना की सूचना तत्काल पाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों



को बाइक और तीन पेटी शराब सहित हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से गांव में अवैध शराब सप्लाई की जा रही थी, जिससे गांव के युवा नशे की गिरफ्त में फंस रहे थे। इसको लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में शराब की सप्लाई करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

### सामुदायिक कार्यक्रम किया

# कम्युनिटी विषय पर जानकारी देकर लोगों को मोटीवेट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोसाइटी फॉर प्रगति भारत द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टीआई) द्वारा में एक सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हमारे परियोजना निदेशक दीपाली पटेरिया दिशा क्लस्टर से सीपीएम रितु पाण्डेय, सीएस ओ शैलेन्द्र सर, प्रभारी क्षय रोग अधिकारी, मनोज गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकारी के सचिव मयंक जायसवाल सहित सभी सदस्य समारोह में उपस्थित रहे और कम्युनिटी विषय पर जानकारी देकर उन्हे मोटीवेट किया। कार्यक्रम मे कम्युनिटी को प्रोग्राम के उद्देश्य और महत्व के बारे में मोटीवेट किया गया।कम्युनिटी द्वारा कल्चरल एक्टिविटी प्रस्तुत की गई। कल्चरल एक्टिविटी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कम्युनिटी में जागरूकता और एकजुटता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सक्रिय भागीदारी की और कम्युनिटी को प्रोत्साहित किया, कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम प्रवंधक हरेन्द्र रिछारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया! इस अवसर पर समस्त संस्था स्टाफ और समुदाय उपस्थित रहा!

---

### चतुर्थ दिवस में पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया

# फार्माकोविजिलेंस सप्ताह अंतर्गत प्रतिभागी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पहलवान गुरुदीन कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पनारी ललितपुर के फार्मेसी विभाग द्वारा चल रहे फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के चतुर्थ दिवस में पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फार्माकोविजिलेंस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना तथा दवाओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करना था।

प्रतियोगिता में कुल 15 प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने विविध विषयों पर आधारित पोस्टर प्रस्तुत किए। इनमें दवाओं के दुष्प्रभाव, रिपोर्टिंग प्रणाली, फार्माकोविजिलेंस में तकनीकी प्रगति और मरीज सुरक्षा जैसे



अहम मुद्दों को सुंदर चित्रों और तथ्यों के माध्यम से दर्शाया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायकों की समिति द्वारा किया गया, जिसमें विषय की प्रासंगिकता, प्रस्तुति की स्पष्टता, रचनात्मकता और जानकारी की सटीकता को प्रमुखता दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेश कुमार झा ने कहा, आज की पीढ़ी को दवा सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को शोध और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करती हैं। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के उपरांत कुल तीन टीमों ने विजेता स्थान प्राप्त किया। इसमें प्रथम स्थान पर टीम के छात्र वैष्णवी मिश्रा, नंदिनी विश्वकर्मा, अंशुल कुमार एवं शिवम राठौर रहे, द्वितीय स्थान पर राहुल भोंडेले और पंकज एवं तृतीय स्थान चंचल पराशर ने प्राप्त किया। विजेता टीमों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में सुरक्षित औषधि उपयोग के महत्व को समझाने में सहायक सिद्ध होती हैं। इस प्रतियोगिता में फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक असि प्रो पुष्पेंद्र गौतम, असि प्रो सरस्वती कुर्मी असि प्रो, करन, असि प्रो अरविन्द अहिरवार, असि प्रो नीतेश विश्वकर्मा, असि प्रो अश्विनी प्रजापति, असि प्रो सुरभि झा असि प्रो मानसी यादव असि प्रो नेहा सम्मिलित रहे।

## राजगढ़ नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को पत्र लिखकर की कार्रवाई की मांग


# गोकुल धाम कॉलोनी के लिए नजूल की भूमि से निकाला रास्ता, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर में निर्मित कई कॉलोनियों के कॉलोनाईजरों द्वारा कॉलोनियों में बगैर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए प्लॉट बेच दिए गए। इसके साथ कुछ कॉलोनाईजरों द्वारा अपनी कॉलोनियों के लिए रास्ता न होने पर नजूल की भूमि से रास्ता निकाल लिया गया है जो कि पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसी कड़ी में साहू धर्मशाला के पीछे निर्मित गोकुलधाम कॉलोनी के कॉलोनाईजर द्वारा नजूल की जमीन से रास्ता निकाल लिया गया। इसको लेकर राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने कलेक्टर को पत्र लिखते हुए संबंधित कॉलोनाईजर पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने कलेक्टर


कार्यालय नगरपालिका परिषद राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश
Email:- vinodbaroniya@gmail.com MOBILE - 9713674933, 9691489433
क्र. 175 राजगढ़, दिनांक 19.09.2025
प्रति,
कलेक्टर महोदय
जिला राजगढ़
विषय :- राजगढ़ नगर में अवैध रूप से कॉलोनी हेतु सड़क निर्माण कराए जाने के संबंध में।
महोदय,
सविनय निवेदन है कि राजगढ़ नगर स्थित खुजनेर रोड पर साहू धर्मशाला के पीछे नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा गोकुलधाम कलोनी का निर्माण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र में पूर्व से ही नजूल की गांधी विहार कॉलोनी प्रस्तावित एवं दर्ज है। किंतु संबंधित कॉलोनाईजर द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति अथवा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त किए ही उक्त नजूल भूमि में से सड़क निकालकर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। महोदय, यह कार्य न केवल शासकीय भूमि का अतिक्रमण है, बल्कि प्रस्तावित गांधी विहार कॉलोनी के मूल स्वरूप और नागरिकों के हितों के साथ भी अन्याय है। यदि समय रहते इस पर रोकथाम नहीं की गई तो भविष्य में विवाद और अव्यवस्थाएँ उत्पन्न होना निश्चित है।
अतः श्रीमान से विनम्र निवेदन है कि :-
1. इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर संबंधित कॉलोनाइजर के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाए।
2. नजूल भूमि गांधी विहार कॉलोनी को अवैध निर्माण से मुक्त कराया जाए।
3. अवैध रूप से निकाली गई सड़क को हटवाकर कॉलोनाइजर को अपनी कॉलोनी के लिए पृथक वैध मार्ग उपलब्ध कराने हेतु बाध्य किया जाए।
आपकी त्वरित एवं न्यायोचित कार्यवाही से न केवल नगर की योजना एवं शासकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ होगा।
भवदीय
विनोद साहू
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद राजगढ़
प्रतिलिपि :-
01. अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।
02. तहसीलदार महोदय तहसील परगना राजगढ़ की ओर सूचनार्थ।

को संबोधित अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि नगर के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा गोकुलधाम कॉलोनी का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए संबंधित कॉलोनाईजर द्वारा नजूल की भूमि में से सड़क निकालकर अवैध रूप से रास्ते का निर्माण किया गया है जबकि उक्त क्षेत्र पहले से गांधी विहार कॉलोनी के नाम पर प्रस्तावित एवं दर्ज है। नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि बिना वैधानिक अनुमति और प्रशासनिक स्वीकृति के किया गया यह कार्य न केवल सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से जुड़ा हुआ है बल्कि गांधी विहार कॉलोनी के मूल स्वरूप एवं नागरिकों के हितों के साथ भी अन्याय है।

### कॉलोनाईजर ने रिसीव नहीं किया फोन

हरिभूमि ने इस बारे में गोकुलधाम कॉलोनी के कॉलोनाईजर का पक्ष जानने उन्हें दो-तीन बार कॉल लगाया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### न पानी की व्यवस्था न सुरक्षा के इंतेजाम

*नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने बताया कि गोकुल धाम कॉलोनी में प्लॉट तो धड़ाधड़ काट दिए गए लेकिन प्लॉट धारकों एवं यहां मकान बनाने वालों की मूलभूत सुविधाओं का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया है। कॉलोनी में सुरक्षित रूप से न तो पीने के पानी के इंतेजाम हैं और न ही सुरक्षा के कोई इंतेजामात किए गए हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में गंभीर विवाद और अव्यवस्थाएं खड़ी हो सकती हैं। नपाध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग की है कि नजूल की भूमि को अवैध निर्माण से मुक्त कराया जाए एवं अवैध रूप से निकाली गई सड़क को हटवाया जाए। इसके साथ ही कॉलोनाईजर को अपनी कॉलोनी के लिए पृथक से वैध मार्ग उपलब्ध कराने के लिए कहा जाए।*

**हिन्दू उत्सव समिति की बैठक आयोजित**

# पिछले वर्ष की झांकियों को वितरित किए गए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




नगर में नवरात्रि महापर्व और परंपरागत चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार रात को हिन्दू उत्सव समिति की बैठक मां वैष्णोदेवी मंदिर में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान पिछले वर्ष आयोजित भव्य झांकियों के लिए सभी झांकी समितियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भागवत आचार्य पंडित सतीश नागर ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष लीला देवी कुशवाहा, पूर्व राज्य मंत्री बद्री लाल यादव, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक डॉ. अशोक अग्रवाल और अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा भी मौजूद थे। राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र शक्ति की उपासना का पर्व है। उन्होंने युवाओं द्वारा मां दुर्गा की नौ दिनों तक समर्पण भाव से की जाने वाली आराधना का उल्लेख किया। पवार ने जोर दिया कि यह उत्सव मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए और हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए कार्य किए जाने चाहिए।

बैठक में 29 सितंबर को आयोजित होने वाली पारंपरिक चुनरी यात्रा पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। चुनरी यात्रा शाम 5 बजे माता मातामंड मोहल्ले के शीतला माता मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मां वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां माता को 121 मीटर की चुनरी समर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा की संयोजिका के रूप में रुचि रवि बड़ोने को नियुक्त किया गया है, जबकि वर्षा मंगल और लाड़ कुंवर केलवा सह-संयोजिका की भूमिका निभाएंगी। बैठक में नगर भर के गणमान्य नागरिक, झांकी समितियों के सदस्य, गरबा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# जामनेर के शिवालय में किया श्रमदान दिलाई प्लास्टिक मुक्ति की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर

सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत जामनेर में गत दिवस शिवालय मंदिर में श्रमदान कर सफाई की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत जामनेर में श्रमदान कर प्लास्टिक मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। जनपद पंचायत शुजालपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीआरएस राणा एवं महिला कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में बताया गया। राणा द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2022 से एकल उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) पर प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध में प्लास्टिक की 19 श्रेणियों जैसे पालिथीन के कप, गिलास, प्लेट, चम्मच, कांटे, स्ट्रा, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक और थर्मोकॉल की वस्तुएं शामिल हैं। इस प्रतिबंध का उद्देश्य पर्यावरण



को प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान से बचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करता है, नालियों को बंद करता है और जल निकायों को प्रदूषित करता है। इसके उत्पादन और दहन से ग्रीनहाउस गैसें निकलती है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। उक्त कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, ग्रामीण एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद शिविर का किया गया आयोजन



**कालापीपल।** जिला आयुष अधिकारी गिरिराज बाथम के निर्देश अनुसार दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर पोषण पखवाड़ा अभियान अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय तिलावद मैंना द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलावद में आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 190 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 38 को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। जिसमें डॉ रविंद्र कुमार वर्मा के द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां रखने जानकारियां दी गईं। शिविर में पैरामेडिकल स्टाफ कंपाउंड श्यामसुंदर मुकाती, दवासाज आशीष वैष्णव, पिटिएस बद्रीलाल भाटी एवं विद्यालय परिवार से प्राचार्य राधेश्याम वर्मा एवं समस्त शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## मवेशी से कुकृत्य की घिनौनी वारदात

# घिनौने कुकृत्य का आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद सस्पेंड

**राजगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में पदस्थ उमावि शिक्षक मोहम्मद राशिद ने जुलाई माह में निकृष्टतम अपराध किया था। उक्त शिक्षक द्वारा मवेशी के साथ कुकृत्य की वारदात को अंजाम देने पर न केवल नगर में उसका जुलूस निकाला गया था, वहीं आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत निषेधात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई थी। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय के प्रतिवेदन के आधार पर लोक शिक्षण संचालनालय ने अत्यंत गंभीर, धार्मिक रूप से संवेदनशील एवं नैतिकता के विरुद्ध कार्य करने पर उमावि शिक्षक मोहम्मद राशिद को सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार संबंधित का कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण के विरुद्ध होकर गंभीर कदाचरण की श्रैणी में पाया गया। ऐसे में मोहम्मद राशिद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय राजगढ़ नियत किया गया है।

### जिला क्रीडाधिकारी को कारण बताओ नोटिस

जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत पंजीयन कार्य व विविध गतिविधियां चल रही हैं। इस महोत्सव के लिए कम पंजीयन प्राप्त होने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र परमार को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। शोकाज नोटिस में उल्लेख है कि उक्त खेल महोत्सव में पंजीयन की संख्या अत्यंत न्यून है जो कि संभागीय औसत से भी बहुत कम है। इसके साथ ही महोत्सव हेतु प्रॉपरली कोई कार्ययोजना भी तैयार नहीं की गई है।

# आउटसोर्स कर्मियों को समय पर वेतन न मिले तो करें शिकायत

## श्रम विभाग ने जारी किया मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के अधिकांश विभागों में आउटसोर्स कंपनियों के माध्यम से पदस्थ कर्मचारियों को कभी भी एक निर्धारित तिथि पर वेतन, मानदेय नहीं मिल पाता है। आउटसोर्स कर्मचारियों को कभी-कभी तो दो से चार महीने तक वेतन भुगतान नहीं किया जाता। विगत दिनों ही आयुष विभाग में आउटसोर्स माध्यम से पदस्थ 18 कर्मचारियों द्वारा चार माह से वेतन न मिलने की शिकायत कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर की थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद श्रम विभाग ने आउटसोर्स कर्मियों के हित में समय पर वेतन दिलाने की पहल की है। इसके लिए विभाग ने एक वाट्सअप नंबर भी जारी किया है। श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे ने बताया है कि शासकीय कार्यालयों, निगमों मंडलों और प्राधिकरणों में अगर 1000 से कम आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं तो उन्हें उनके मानदेय का भुगतान महीने की 7 तारीख तक किया जाना अनिवार्य है। इसी तरह 1000 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी होने पर उन्हें माह की 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। किसी भी आउटसोर्स कर्मचारी को निर्धारित समय सीमा में वेतन भुगतान न होने की स्थिति में मोबाइल नंबर 75525-55582 पर कर्मचारी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# प्लास्टिक मुक्त नगर के लिए निकाली गई रैली




**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को नगर परिषद खुजनेर द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जागरुकता रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए नपा कर्मचारी स्टाफ सहित नारे लगाते हुए निकले स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाय में सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नाले, नलियों, नदियों के आसपास, धार्मिक क्षेत्रों आदि की सफाई की जा रही है। रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के 5 विद्यार्थी प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**सारंगपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर के पांच विद्यार्थियों का चयन सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान की प्रांतीय एथलेटिक्स एवं बौद्धिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सीहोर में आयोजित विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिशु वर्ग की रिया जाटव ने ऊंची कूद व लंबी कूद, रिया मेवाड़ा ने 100 व 200 मीटर दौड़ तथा किशोर वर्ग से आयुषी मेवाड़ा ने 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार गुना में हुई विभागीय बौद्धिक प्रतियोगिता में शिशु वर्ग की समृद्धि तिवारी ने चित्रकला तथा नियति पाल ने गीता पाठ में प्रथम स्थान हासिल किया। ये सभी विद्यार्थी शुक्रवार से ग्वालियर में प्रारंभ हो रही प्रांतीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुल पांच प्रतिभागी सात इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। संरक्षक के रूप में पिंकी चौहान और अंजना दुबे का विशेष सहयोग रहा। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट, सचिव अशोक कुमार साहू, प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी विजयी विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान के तहत मैराथन आयोजित

**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से स्वच्छता सेवा पखवाड़े अभियान की शुरुआत की गई। मां सरस्वती एकेडमी के छात्र छात्राओं तथा नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में शामिल हुए। मैराथन दौड़ को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की गई। ढोल ढमाके के साथ नगर परिषद से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से छापी बांध पर पहुंची। नगर परिषद देवनारायण दांगी ने स्वच्छता के संबंध में शपथ दिलवाई। इस आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, कमल झावा, राजेश दांगी, ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, आजाद झावा, भगवान सिंह परिहार, राकेश मंडलोई, नीरज मालवीय, मनोज शर्मा, इश्तियाक कुरेशी, विजय गुप्ता मां सरस्वती एकेडमी खेल शिक्षक पंकज प्रजापति सहित नागरिक शामिल हुए।

## शारदीय नवरात्रि पर्व का होगा भव्य आयोजन

**जीरापुर।** शारदीय नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ आवास कॉलोनी में होगा। गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित बैठक में मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी ने कहा कि हमें गायत्री परिवार से अधिकाधिक लोगों को जोड़ना है एवं नवरात्रि पर्व पर आयोजित समस्त धार्मिक कार्यक्रम में हमारी उपस्थिति रहे और अपने परिवार मोहल्ले से महिला पुरुष को यहां जोड़ने के लिए प्रेरित करें। आगामी योजना बताई जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि पर्व पर 22 सितंबर 2025 को घट स्थापना के साथ सामूहिक गायत्री मंत्र जाप प्रतिदिन प्रातः 5 बजे सामूहिक एवं व्यक्तिगत मंत्र जाप प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से सायं 6 तक गायत्री यज्ञ प्रतिदिन प्रात 8 बजे से 10 तक पर्व का विशेष दीप यज्ञ 29 सिंतबर को 5 से रहेगा एवं नवकुण्डीय गायत्री यज्ञ नवमी 30 सितंबर 2025 को प्रातः 7 बजकर 30 बजे एवं पूर्णाहुति प्रसाद वितरण।

# एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए जागरुकता व्याख्यान का आयोजन




**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में छात्र-छात्राओं के समक्ष सघन जागरुकता अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एक जागरुकता व्याख्यान किया गया। जिसके मुखिया गिरवर सिंह नागर काउंसलर सारंगपुर ब्लॉक रहे इनके द्वारा सभी छात्र छात्राओं के समक्ष एचआईवी एड्स से होने वाली बीमारियों के बारे में और उनके रोकथाम के बारे में की किस प्रकार इस बीमारी पर नियंत्रण किया जाता है किस प्रकार इन सबसे बचा जा सकता है उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी उन्होंने कहा कि एड्स जैसी बीमारी से बचने के लिए युवाओं को जागरूक होना अनिवार्य है इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। हनी व्यास टेक्नीशियन सिविल अस्पताल सारंगपुर भी साथ में रहे कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य प्रो. प्रीतम गुनवा के द्वारा भी सभी छात्र-छात्राओं को एचआईवी एड्स जैसे बीमारी की रोकथाम के लिए जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम के संचालनकर्ता धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा भी सभी छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति और एचआईवी से होने वाली भयानक बीमारी के प्रति जागरूकता हेतु व्याख्यान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 11 संकुल केंद्र की 100 से अधिक छात्राओं ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

# सारंगपुर में संजावली प्रतियोगिता ने लोक संस्कृति में भरा नया जीवन, बेटियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोशल सोसायटी फॉर सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को राज्यमंत्री के सेवा सदन कार्यालय में भारतीय लोक परंपरा उत्सव संजावाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तेजी से बदलते समय में जहां लोक संस्कृति पिछड़ती जा रही है, वहीं सारंगपुर में आयोजित संजावली प्रतियोगिता एवं कला महोत्सव ने एक नई उम्मीद और ऊर्जा का संचार किया। यह आयोजन न केवल परंपराओं का उत्सव था, बल्कि नवपीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना जगाने का भी एक सराहनीय प्रयास रहा। इस आयोजन की नींव राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने पिछले वर्ष रखी थी, जो अब एक प्रेरक परंपरा का रूप ले चुकी है। कार्यक्रम का आयोजन सेवासदन परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ।



इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहा, हमारी लोक परंपराएं विलुप्ति की ओर हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों से संस्कृति को संजोने की एक नई शुरूआत हो रही है। मंत्री टेटवाल ने जो बीड़ा उठाया है, वह भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन सकता है। वहीं मुख्य वक्ता कलावती यादव, सभापति, उज्जैन नगर निगम ने भावुक स्वर में कहा, "यह देखकर मन प्रसन्न हो गया कि हमारी खोती हुई परंपराएं फिर से जीवंत हो रही हैं। संजा देवी पार्वती का स्वरूप है, जिसे 16 दिन तक गोबर से बने मांडनों से सजाया जाता है। यह सौंदर्य, श्रद्धा और प्रकृति प्रेम का उत्सव है। मंत्री टेटवाल ने कहा, यदि माताएं और बहनें न हों तो यह पर्व-त्योहार, परंपराएं जीवित न रह सकें। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी छात्रावास और सांदीपनी विद्यालय की बालिकाओं ने संजावली गीतों और मालवी नृत्य से ऐसा समां बांधा कि दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

**नानी सी गाड़ी गुड़कती जाए, जेमे बैठी संजाबाई:** जैसे गीतों ने बचपन की स्मृतियों और ग्रामीण संस्कृति की मिठास को पुनः जीवित कर दिया। भ्याना, गुलावता, धनौरा, पचोर, पाड़ल्यामाता, आमलारोड़, पान्दा, संडावता सहित अनेक ग्रामीण अंचलों से आई छात्राओं की ऊर्जावान और आत्मीय प्रस्तुतियों ने आयोजन को लोक महोत्सव का रूप दे दिया। सरपंच श्रद्धा पालीवाल की उपस्थिति और वरिष्ठ शिक्षिका बबीता मिश्रा के सधे हुए मंच संचालन ने आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की। अंत में गोबर से बनाए गए मांडना प्रतियोगिता और संजा गीत प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को सम्मानपूर्वक बैग और शील्ड प्रदान किए गए।